राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

अजरबैजान में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को रजत पदक दिलाने पर राज्यपाल श्री बागडे ने संध्या विश्नोई को बधाई दी

जयपुर, 1 अगस्त । राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अजरबैजान में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को रजत पदक दिलाने पर राजस्थान की संध्या विश्नोई को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि संध्या विश्नोई के खेल प्रदर्शन से पूरा देश गौरवान्वित हुआ है।

श्री बागडे ने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के जारी रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने इन खिलाड़ियों पर गर्व है।

----